बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-290
30/04/2023

# मुख्यमंत्री ने बिहटा के एस0डी0आर0एफ0 वाहिनी मुख्यालय में 287.52 करोड रूपये लागत की स्थायी भवन एवं संरचनाओं तथा 152.4 करोड़ रूपये की लागत की जिला आपदा रिस्पांस फैसिलिटी–सह–प्रशिक्षण केंद्र के 18 भवनों का किया शिलान्यास

- **आपदा प्रबंधन विभाग के शिलान्यास कार्यक्रम में भारी बारिश के बावजूद शामिल हुये मुख्यमंत्री**

पटना, 30 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार भारी बारिश के बावजूद आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बिहटा में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने एस0डी0आर0एफ0 वाहिनी मुख्यालय, बिहटा (पटना) में 287.52 करोड रूपये की लागत से सभी सुविधा से युक्त स्थायी भवन एवं संरचनाओं के निर्माण कार्य के शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 152.4 करोड़ रूपये की लागत से जिला आपदा रिस्पांस फैसिलिटी–सह–प्रशिक्षण केंद्र के 18 भवनों के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। जिला आपदा रिस्पांस फैसिलिटी–सह–प्रशिक्षण केंद्र के कुल निर्मित होनेवाले 18 भवनों में 7 ए–टाइप और 11 बी–टाइप भवन निर्मित होंगे। 18 जिलों में निर्मित होनेवाले जिला आपदा रिस्पांस फैसिलिटी–सह–प्रशिक्षण केन्द्रों में ए–टाइप के कुल 07 सेंटर– भागलपुर, पश्चिम चम्पारण, दरभंगा, पटना सिटी, गया, पूर्णिया एवं सहरसा में तथा बी–टाइप के कुल 11 सेंटर– मुंगेर, खगड़िया, समस्तीपुर, किशनगंज, पूर्वी चम्पारण, सारण (छपरा), नालन्दा, गोपालगंज, अररिया, बक्सर एवं मधुबनी जिलों में होंगे।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आज जिन भवनों का शिलान्यास किया गया है उनका निर्माण कार्य ससमय पूरा हो, इस पर विशेष ध्यान दें। आपदा की स्थिति में हर तरह की गतिविधि इन केन्द्रों से संचालित होगी इसलिए इसका बेहतर ढंग से निर्माण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों के फंक्शनल हो जाने के बाद राज्य में आपदाओं के दौरान खोज, बचाव एवं राहत आदि कार्यों के त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निष्पादन संभव हो सकेगा।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री शाहनवाज, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदय कांत मिश्र, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री पी0एन0 राय, पटना के जिलाधिकारी श्री

चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 के अधिकारीगण, कर्मीगण, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य श्री नंद किशोर कुशवाहा, जदयू नेता श्री सुबोध कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******